# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री की इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है।

********************

कांग्रेस पार्टी की ओर से देशभर में संविधान बचाओ अभियान शुरु किया गया है। इस कड़ी में झारखंड में भी पार्टी की ओर से रैलियां निकाल कर अभियान को मजबूती प्रदान की जा रही है। कल गोड्डा में 21 मई को देवघर में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने मधुपुर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि भारत का संविधान आज खतरे में है।

********************

भारत के साथ युद्ध में पाकिस्तान को समर्थन देने वाले तुर्किये के खिलाफ राज्य में जबर्दश्त आक्रोश है। इस सिलसिले में आज औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में हिन्दू एकता मंच की ओर से तिरंगे के साथ एक रैली निकाल कर तुर्किये के समानों के बहिष्कार का आह्वान किया गया।

********************

झारखंड से होकर चलने वाली 14 ट्रेनें 25 मई तक रद्द रहेगी। जानकारी के अनुसार, दक्षिण पूर्व रेलवे ने आद्रा मंडल में चल रहे विकास कार्यों की वजह से इन ट्रेनों को रद्द कर दिया है। वहीं, कुछ अन्य ट्रेनों का रूट भी बदला गया है। इसके साथ ही रेलवे ने बताया कि इस अवधि में 6 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन कर चलाया जाएगा।

********************

हजारीबाग जिले में टीबी उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम और टीबी मुक्त पंचायतों के लिए सम्मान समारोह सह उन्मुखीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता के साथ कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रखंडों को टीबी मुक्त करने में अहम भूमिका निभाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन, जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने अपनी पूरी टीम के साथ मुलाकात की। श्री शाहदेव ने मुख्यमंत्री को जेएससीए चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी

दी।मुख्यमंत्री ने जेएससीए के सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जेएससीए की नई टीम पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ झारखंड में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करेगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के महान उद्योगपति और टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर जमशेदजी टाटा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी जमशेदजी को नमन किया है।

********************

रांची जिले में हर सरकारी भूमि पर सूचना पट लगायी जायेगी। सरकारी जमीनों की पहचान और उसकी सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन का यह अहम कदम माना जा रहा है।

********************

साहिबगंज जिला के सदर अस्पताल परिसर में आज उपायुक्त हेमंत सती ने नव–निर्मित डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर का उदघाटन किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने केंद्र का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

*******समाप्त*******